सिग्नल प्लानिंग’ पर चलेंगे तीनों प्राधिकरण

December 28, 2010

Amar Ujala

नोएडा। छोटी-बड़ी विकास योजनाओं को एक सूत्र में पिरोकर बड़ा रूप देते हुए ‘रोड इंफ्रास्ट्रक्चर’ नाम दिया गया है। इसके तहत पांच साल में 10,000 करोड़ रुपये खर्च कर नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना एक्सप्रेस-वे प्राधिकरण से आसपास के जिलों और राज्यों को जोड़ दिया जाएगा। इससे आने वाले 50 साल तक सड़कों पर आवागमन सुगम होने की उम्मीद है। इसमें कुछ पुरानी योजनाओं का विस्तार भी शामिल है।
यह जानकारी नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना एक्सप्रेस-वे प्राधिकरण के चेयरमैन मोहिंदर सिंह ने पत्रकारों को दी। कालिंदी कुंज से जेवर एयरपोर्ट तक वाया सेक्टर-60 और पथरा खंजरपुर होते हुए कॉरीडोर बनेगा। यह 130 मीटर चौड़ी सड़क से जुड़ेगा। वहीं, गाजियाबाद से आने वाले वाहन सेक्टर-60 से बाएं मुड़कर ग्रेटर नोएडा जा सकेंगे। दूसरी तरफ, नोएडा, ग्रे्टर नोएडा से हापुड़ तक 50 किलोमीटर की नई रिंग रोड होगी। मुरादाबाद से आने वाले वाहन हापुड़ से इसमें प्रवेश करेंगे और गंगा एक्सप्रेस-वे, अपर गंगा कैनाल, ईस्टन पैरीफेरल, एनएच-91 से बोकड़ी रेलवे स्टेशन की तरफ से नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस-वे होते हुए दिल्ली जा सकेंगे। इन्हें एनएच-24 के जाम में नहीं फंसना होगा। दूसरी तरफ, यमुना बंधे से बोकड़ी रेलवे स्टेशन तक दो लेन का रेलवे ट्रैक बिछाकर नोएडा के उद्योगों को नई दिशा देने की कोशिश होगी। नोएडा और ग्रेटर नोएडा में मेट्रो के विस्तार पर फरवरी से काम शुरू हो जाएगा। इस मौके पर नोएडा के सीईओ रमा रमण भी मौजूद रहे।

कालिंदी कुंज पर नया पुल ः नोएडा से सरिता विहार जाने वालों को जाम से रूबरू नहीं होना पड़ेगा। यहां नए पुल की स्वीकृति मिल चुकी है। डीएनडी से दस साल के समझौते की समाप्ति फरवरी-2011 में हो रही है। चेयरमैन मोहिंदर सिंह ने कहा कि इसके लिए टोल ब्रिज कंपनी से वार्ता हो चुकी है और जल्द ही कार्ययोजना आरंभ हो जाएगी।

यमुना पर तीन और पुल ः राष्ट्रीय राजमार्ग-दो यानी मथुरा रोड को नोएडा से जोड़ने के लिए नए पुल का निर्माण होगा। एक पुल कालिंदी कुंज नोएडा पर और दूसरा ग्रेटर नोएडा के परी चौक से आगे बढ़कर फरीदाबाद और बल्लभगढ़ के बीच

होगा। तीसरे पुल के लिए एफएनजी और ईस्टन पैरीफेरल रोड को लिंक करके तैयार किया जाएगा। इसका कार्य पहले ही शुरू हो गया है। इनके तैयार होने के बाद एनएच-2 और नोएडा के बीच वाहनों के दबाव कम होगा। एक पुल दनकौर से मथुरा रोड एनएच टू पर यमुना पर बनाया जाएगा।

नोएडा एक्सटेंशन से एयरपोर्ट ः 130 मीटर चौड़ी सड़क को विकसित करते हुए नोएडा एक्सटेंशन से एयरपोर्ट तक सीधी सड़क का निर्माण होगा। इसका कुछ हिस्सा तैयार हो चुका है। 45 किलोमीटर लंबी इस सड़क के एक तरफ 100 मीटर की ग्रीन बेल्ट होगी, जबकि दूसरे किनारे पर कॉमर्शियल सेक्टर बनाया जाएगा।
मेट्रो विस्तार फरवरी से ः नोएडा सिटी सेंटर सेक्टर-32 से ग्रेटर नोएडा और सेक्टर-62 तक मेट्रो विस्तार का काम फरवरी से शुरू किया जाएगा। इसके लिए आरएफपी तैयार हो चुका है। टेंडर प्रक्रिया को अंतिम रूप देते हुए जुलाई से निर्माण शुरू होगा।

मार्च-2012 में तैयार होगा जीबीयू र् गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय को पूरा करने की डेडलाइन तय कर दी गई है। यह दिसंबर-2013 में तैयार होना था, लेकिन अब नई तिथि के हिसाब से मार्च-2012 तक विश्वविद्यालय पूरी तरह तैयार हो जाएगा। नए साल में जुलाई से दो नए कोर्स भी इसमें शुरू किए जाएंगे। इसके बाद यहां कोर्सों की संख्या कुल छह होगी।
डूब क्षेत्र में होगा मनोरंजन हब र् नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना एक्सप्रेस-वे के डूब क्षेत्रों को मनोरंजन हब के रूप में विकसित किया जाएगा। यहां अस्थाई निर्माण होगा, जिससे नदी को कोई नुकसान नहीं पहुंचे। इसके अलावा, पूरे क्षेत्र में ग्रीन एरिया को बढ़ावा मिलेगा। इसकी जमीन आरक्षित होगी और इसके क्षेत्रफल में कोई बदलाव नहीं किए जा सकेंगे।